पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने बेंगलुरु में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

शिक्षा का आशय सिर्फ पुस्तकीय ज्ञान नहीं है

विद्यार्थी देश को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें और राष्ट्रहित को सदैव सर्वोपरि रखें।

कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है।

-राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 17 जून, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अपने बैंगलुरू भ्रमण के दौरान आज जैन कॉलेज, वी० पी० पुरम बेंगलुरु में आयोजित एक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्री यूनिवर्सिटी कोर्स बोर्ड 2024 के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी सम्मानित विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके शिक्षकों एवं माता-पिता को भी बधाई दी जिनके सहयोग से विद्यार्थी इस उपलब्धि को हासिल करने में समर्थ हो सके।

समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने विद्यार्थियों से कहा कि उनके आगामी जीवन में संस्थान से ग्रहण की गयी शिक्षा और मूल्य उनका मार्गदर्शन करेंगें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का आशय सिर्फ पुस्तकीय ज्ञान नहीं है, बल्कि शिक्षा वह साधन है जो कौशल और ज्ञान के साथ-साथ मानवीय मूल्यों की समझ भी विकसित करे।

विद्यार्थियों को दायित्व बोध कराते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि भारत इस समय सबसे अधिक युवा आबादी वाले देशों में है, विद्यार्थी देश को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें और राष्ट्रहित को सदैव सर्वोपरि रखें। उन्होंने विद्यार्थियों को दृढ़ संकल्प और पूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रेणा दी और कहा कि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। अच्छे शिक्षण की सार्थकता यही है कि विद्यार्थी जीवन भर कुछ न कुछ सीखे। उन्होंने सभी मेधावी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर जैन ग्रुप के चेयरमैन एवं संस्थापक जैन कॉलेज, वी० पी० पुरम बेंगलुरु डॉ0 चैनराज रायचंद, प्रधानाचार्य जैन कॉलेज वी० पी० पुरम डॉ0 एस. एन. नटराज ,प्रधानाचार्य जैन कॉलेज जयनगर डॉ0 नलिनी सतीशचंद्रा, नैक के पूर्व निदेशक डॉ0 एस. सी. शर्मा, शिक्षकगण ,विद्यार्थी तथा अन्य आमंत्रित महानुभाव उपस्थित थे।

संपर्क:
डा0 सीमा गुप्ता,
सहायक निदेशक, राजभवन
सम्पर्क सूत्र- 8318116361